प्रश्न -1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो -

अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र में है जलगाँव, औरंगाबाद तथा पहूर, इन तीन रेलवे स्टेशनों में से किसी एक पर उतर कर अजंता पहुँचा जा सकता है,इन स्टेशनों से फरदापुर नामक, ग्राम तक जाना होता है प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से भी अजंता अद्वितीय है नीचे नदी बहती है, जिसमें बड़े-बड़े शिलाखंड है घाटी में चारों ओर हरसिंगार के वन हैं यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का पूर्ण विकास अक्टूबर से दिसंबर तक होता है अजंता की छोटी - बड़ी कोरी 29 गुफाएं हैं इन के दो भेद हैं - स्तूप गुफा और बिहार गुफा ये सभी गुफाएँ गुप्तकालीन है |

1. अजंता की गुफाएँ कहाँ स्थित हैं?

उत्तर - महाराष्ट्र में |

2. किन तीन स्टेशनों से उतरकर अजंता जा सकते हैं?

उत्तर - जलगाँव औरंगाबाद तथा पहूर |

3. नदी में क्या है?

उत्तर - नदी में बड़े-बड़े शिलाखंड है |

4. घाटी के चारों ओर क्या है?

उत्तर - घाटी के चारों ओर हरसिंगार के वन हैं |

5. यह गुफाएँ किस समय की है |

उत्तर - ये गुफाएँ गुप्तकाल की है |

प्रश्न - 2 शब्दों के अर्थ लिखो -

1. पृथ्वी - धरती    2. आधार - सहारा
3. काके - किसके    4. पाय - पैर
5. दोऊ - दोनों    6. पुरस्कार - इनाम
7. समाचार पत्र -अखबार    8. परखने -जांचना

9. आचरण - व्यवहार 10.बानी - बोली

11. धूत - मक्कार 12. ताप - गर्मी

13. तकरार - लड़ाई 14.तीव्र - तेज

15. प्रशंसा - तारीफ 16. स्वारथ - अपना ,मतलब

17.ज्ञान - जानकारी 18. भीषण - भयंकर

19. प्रतीक्षा - इतंजार 20. गति - चाल

प्रश्न - 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

1. शेर सिंह का महामंत्री कौन था?

उत्तर - चीताराम

2. पुरानी बातें दोहराने से क्या होता है?

उत्तर - पुरानी बातें दोहराने से झगड़े होते हैं

3. आकाशगंगा क्या है?

उत्तर - आकाशगंगा एक प्रकार का कारखाना है इसमें अनेक नये तारे बनते हैं |

4. सूर्य पृथ्वी से कितनी दूर है

उत्तर - सूर्य पृथ्वी से लगभग नौ करोड़ तीस लाख मील दूर है |

5. बिजली की चमक में सुंदरलाल ने क्या देखा?

उत्तर - बिजली की चमक में सुंदरलाल ने रेलवे लाइन पर एक बड़ी चट्टान देखें एक ओर से पटरी भी उखड़ी हुई थी |

6. सुंदरलाल के पिता जी कहाँ गए थे?

उत्तर - सुंदरलाल की पिताजी स्टेशन मास्टर को सूचना देने गए थे

7. लोग बुराई कहाँ ढूंढते हैं अंत में बुराई कहाँ मिलती है?

उत्तर - लोग बुराई दूसरों में ढूंढते हैं अंत में बुराई अपने आप मैं ही मिलती है

8. चंद्रशेखर आजाद ने क्या प्रतिज्ञा की थी?

उत्तर - चंद्रशेखर आजाद ने प्रतिज्ञा ली कि वह जीते जी दुश्मनो के हाथ नहीं आएगा |

9. बालक अपनी माँ से क्या पूछता है?

उत्तर -बालक अपनी माँ से पूछता है कि इन चीटियों का जुलूस .कहाँ जा रहा है,इनकी मागे क्या है और इनका नारा क्या है |

10. मेजर जनरल का नाम क्या था?

उत्तर -जनरल कातूकोव |

11. हमारे झगड़ने का मुख्य कारण क्या है?

उत्तर - हमारे झगड़ने का मुख्य कारण आपसी भेदभाव है |

12. ध्रुव तारे की कौन सी कथा प्रचलित हैं?

उत्तर - प्राचीन कथा के अनुसार राजा उत्तानपाद का पुत्र ध्रुव पर प्रशन्न होकर भगवान ने उसे ध्रुव तारा बना दिया था |

13. सच को तप और झूठ को पाप क्यों कहा गया है?

उत्तर -सच से बड़ी तपस्या कोई नहीं है क्योंकि सच बोलना सबके बस में नहीं है सच बोलना एक कठिन परीक्षा के समान होता है झूठ पाप के समान है झूठे व्यक्ति पर कोई विश्वास नहीं करता |

14. गुरु शिष्य का विकास किस प्रकार करता है?

उत्तर - गुरु कुम्हार की तरह अपने शिष्य का विकास करता है वह उसके दोषों को दूर करता है तथा गुणों का महत्व बतलाता है गुरु ऊपर से सख्ती दिखाता है परन्तु अंदर से वह हमें सहारा देता है |

15. तोते को हरकारा क्यों बनाया गया है?

उत्तर - तोते को हरकारा बनाया गया है क्योंकि वह दूत का काम करता है वह लोमड़ी को उसके उसके घर से बुलाने जाता है |

प्रश्न -4 होली के त्योहार पर पाँच वाक्य लिखो -

1. होली रंगों का त्यौहार है
2. होली के दिन हम एक दूसरे को रंग लगाते हैं
3. यह त्यौहार फाल्गुन मास की पूणिमा को मनाया जाता है
4. इस दिन दुश्मन भी बैर भाव भूलकर एक दूसरे को गुलाल लगाते हैं

5. होली के दिन तरह - तरह के पकवान बनाये जाते हैं

**वृक्षों के लाभ**

पाँच वाक्य लिखो -

1. वृक्ष हमारे लिए बहुत लाभकारी है
2. हमें हर वर्ष एक पौधा लगाना चाहिए
3. वृक्षों से हमें ऑक्सीजन मिलता है
4. वृक्षों से हमें फल, फूल, लकड़ी और छाया मिलता है
5. हमें वृक्षों की रक्षा करने चाहिए न कि काटना चाहिए |

प्रश्न -5 सही विकल्प चुनो -

1. कवि दूसरों के दुख को किस तरह समझने की सलाह देता है

(क) अपने दुःख की तरह ( √ )

(ख) पडोसी के दुख की तरह ( )

(ग) (क) और (ख) दोनों( )

(घ) कोई नहीं ( )

2. जनरल कातूकोव टैंकों से नदी पार करने में क्यों झिझक रहे थे

(क) नदी के खड़े किनारों पर टैंक नहीं चढ़ सकता था (√)

(ख) नदी बहुत गहरी थीं ( )

(ग) गोला बारूद भीगने का डर था ( )

(घ) सभी ( )

3. चीटियों का जुलूस कविता में किस -किस के बीच संबाद हो रहा है?

(क) पिता पुत्र ( ) (ख) माता पुत्र ( √ )

(ग) माता पुत्री ( ) (घ) पिता पुत्र ( )

4. सुन्दर लाल का गाँव किस नदी के किनारे स्थित है?

( क) नर्मदा (√) (ख) दामोदर ( )

( ग) गंगा ( ) ( घ) ब्रह्मापुत्र ( )

5. तारे छोटे क्यों दिखते है

(क) पृथ्वी से बहुत दूर होने के कारण (√ )

(ख) पृथ्वी से निकट होने के कारण ( )

(ग) सूर्य से दूर होने के कारण ( )

(घ) तारे छोटे है इसलिए ( )

6. नये तारे कहाँ बनते हैं?

(क) सप्तर्षि मंडल में ( )

(ख) आकाश गंगा में (√ )

(ग) आकाश में ( )

(घ) सूर्य में ( )

7. सुन्दर लाल के पिता क्या काम करते थे?

(क) गाँव में चौकीदार थे ( )

(ख) फौज में सूबेदार थे ( )

(ग) रेलवे लाइन के चौकीदार थे ( √)

(घ) मिल में चौकीदार थे ( )

8. अमृत की खान किसे कहा गया है?

(क) भगवान ( ) (ख) माँ ( )

(ग) गुरु ( √ ) (घ) पिता ( )

9. किसके बराबर कोई पाप नहीं है?

(क) हत्या ( ) (ख) झूठ (√ )

(ग) चोरी ( ) (घ) गुरु का अपमान ( )

10. आजाद ने पुलिस को अपना घर कहाँ बताया?

(क) इलाहाबाद ( ) (ख) जेलखाना (√ )

(ग) काशी ( ) (घ) प्रयाग ( )

11. चीटियों की माँ ने सिखाया?

(क) कदम मिलाकर चलना ( )

(ख) सुख की बीन बजाना ( )

(ग) कठिन परिश्रम करना ( )

(घ) सभी (√ )

12. किस देश के सैनिकों ने पुल को बारी सुरंगों से उड़ा दिया था?

(क) रुस ( ) (ख) जर्मनी (√ )

(ग) (क) और ( ख) दोनों ( )

(घ) अन्य ( )

13. उस औरत ने अपना घर क्यों तोड़ दिया?

( क) घर नदी तट से सटा हुआ था ( )

(ख) दुश्मनो से खतरा था ( )

(ग) टैंक पार करने के लिए लकड़ी के लट्ठों की जरुरत थी ( √ )

(घ) उसे घर पसंद नहीं था ( )

14. किस रंग का तारा सबसे बड़ा होता है?

(क) लाल ( √ ) (ख) पीला ( )

(ग) सफेद ( ) (घ) नीला ( )

15. तारे से हमें किसका ज्ञान होता है?

( क) समय का ( ) (ख) दिशाओं का ( )

(ग) रात्रि का ( ) (घ) (क) और (ख) दोनों( √ )

प्रश्न -6 कविता की चार पंक्तियाँ लिखिए -

अपनी गली मोहल्ला अपना -
अपनापन आधार |
बंद करो तकरार |
आओ सब मिल जुल कर गाओ |
मिलकर बैठो, मिलकर खाओ |

**2.** देख चींटियों का जुलूस माँ,
निकला बहुत विशाल,
क्या उनके हाथों में भी है,
जलती हुई मशाल?
कौन-कौन सी मांगे इनकी,
कैसा इनका हाल,
क्या इनका नारा है ,
मांगे पूरी हो तत्काल ?

प्रश्न -7 वाक्य प्रयोग कीजिए

1. प्रयास -हमें निरन्तर प्रयास करना चाहिए |

2. जुलूस - विरोधी दल ने महंगाई के खिलाफ जुलूस निकाला

3. विशाल - भारत एक विशाल देश है

4. मशाल - गुफा में मशाल जल रही थी

5. ध्यान - हमें अध्यापक की बातें ध्यान से सुनना चाहिए |

6. दिल दहलाना - बस ट्रक की भिड़ंत देखकर मेरा दिल दहल गया |

7. आसमान काँपना -हमारे गणित के अध्यापक के गुस्से से आसमान काँप उठता है |

प्रश्न -8 कबीर के दोहे लिखिए -

1. गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूँ पाय |
बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो मिलाय |

2. गुरु कुम्हार शिष्य कुंभ है, गढ़ि - गढ़ि काढै खोट,
अंतर हाथ सहार दे ,बाहर बाहै चोट |

प्रश्न - 9 सही या गलत के चिन्ह लगाओ-

1. आकाशगंगा एक तारा है ( × )
2. तारों से समय और दिशा का ज्ञान होता है ( √ )
3. पुरानी बातें दोहराने से झगड़े होते हैं ( √ )
4. लाली लोमड़ी की चालाकी से जंगल के सभी जानवर परेशान थे ( √ )
5. रूसी सेना पीछे भाग रही थी ( √)
6. जर्मन सेनाओं ने नदी का पुल उड़ा दिया था (√)
7. सुंदर लाल के पिता रेलवे लाइन के सूबेदार थे ( × )
8. टैंट चालकों ने पुल के बिना नदी पार कर ली (×)
9. बच्चा अपना घर टूटता देख रोने लगा ( × )
10. रूसी महिला के घर के पास नदी का पाट कम था ( √ )

प्रश्न -10 खाली स्थान भरो -

**( आश्चर्य ,उत्सुक, करतब, बुद्धू, दूसरी, वीर बालक, बारूदी, टैंक)**

1. राष्ट्रपति ने सुंदरलाल को गणतंत्र दिवस के अवसर पर **वीर बालक** के पुरस्कार से सम्मानित किया |

2. जर्मन सेना ने उस पुल को **बारुदी** सुरंगे बिछा कर उड़ा दिया था |

3. मेजर जनरल कातूकोव का **टैंक** दुश्मन के पीछे पीछे तेजी से आगे बढ़ रहा था |

4. राजा शेर सिंह लाली की चालाकी को जानने को **उत्सुक** हो उठे |

5. लोमड़ी बोली सब जानवर अपने आप **बुद्धु** बन जाते हैं |

6. इस समय मैं कोई **करतब** नहीं दिखा सकती |

7. लोमड़ी के कथन पर सब जानवरों को **आश्चर्य** हुआ |

8. तुमने **दूसरी** अक्ल लाने के बहाने झूठ बोला |

प्रश्न- 11 निम्नलिखित वाक्यों को कोष्टक में दिए गए शब्दों के विलोम शब्द से भरो -

1. लाली लोमड़ी को **उपस्थित** करने का आदेश दिया ( अनुपस्थित)
2. क्या तुम किसी को भी अपनी **बुद्धि मत्ता** से चकमा दे सकते हो ( मूर्खता)
3. सब, जानवर अपने आप ही , मूर्ख बन जाते हैं (चतुर)
4. तुम दूसरी अक्ल लाने के बहाने **झूठ** बोलकर यहाँ से चली गई |(सच)
5. आपने ही तो कल मुझे अपनी **चतुरता** दिखाने के लिए आदेश दिया था | (मूर्खता)

प्रश्न - 12 निम्नलिखित वाक्यों को भूतकाल में बदलो -

1. आदित्य अपनी माँ के पास आया है |
   - आदित्य अपनी माँ के पास आया था |
2. दीपक पहेली का हल ढूँढ रहा है |
   - दीपक पहेली का हल ढूँढ रहा था |
3. सुमित मधुर गीत गा रहा है |
   - सुमित मधुर गीत गा रहा था |
4. मैं दूध पी रही हूँ |
   - मैं दूध पी रही थी |
5. मिशिका फिल्म देख रही हैं |
   - मिशिका फिल्म देख रही थी |

6. नेहा नारियल पानी पीती है |

• नेहा नारियल पानी पीती थी |

7. सुयशा ने नयी फ्राक पहनी है |

• सुयशा ने नयी फ्राक पहनी थी |

8. मेघना चित्र बना रही है |

• मेघना चित्र बना रही थी |

9. स्वाति कविता लिख रही है |

• स्वाति कविता लिख रही थी |

10. हेमंत कल दिल्ली जा रहा है |

• हेमंत कल दिल्ली जा रहा था |

11. हिना अपने लिए थरबत बना रही है |

• हिना अपने लिए शरबत बना रही थी |

प्रश्न - 13 प्रत्येक पंक्ति में क्रिया शब्द पहचान कर गोला लगाओ -

1. पुस्तक जूते **( कुतरना )** छात्र
2. बस्ता **(सिलना)** बस पेंसिल
3. बादल **( लिखना)** बंदर लड़की
4. मानसी **( बुनना)** पंखा खिड़की
5. गाजर तितली **(उड़ना)** खरगोश
6. कक्षा थरमश चालक **(पहनना)**
7. **(उछलना)** कपड़े बंदर वर्दी
8. **(तोड़ना)** पेड़ तालाब मोर

प्रश्न -14 दिए गए शब्दों के लिए एक शब्द लिखो-

1. जो दूसरों की भलाई करे **परोपकारी**
2. जो दूर की सोचे **दूरदर्शी**
3. वर्ष में एक बार होने वाला **वार्षिक**
4. शहर में रहने वाला **शहरी**
5. सौ वर्षों का समूह **शताब्दी**
6. जो काम से जी चुराता हो **कामचोर**

7. जो परीक्षा लेता हो **परीक्षक**

8. जो मिट्टी के बर्तन बनाता हो **कुम्हार**

9. जो लेख लिखता हो **लेखक**

10. जो दूसरे देश का हो **विदेशी**

11. जिसने शिक्षा प्राप्त की हो **शिक्षित**

12. जो कभी न मरे **अमर**

प्रश्न -15 विलोम शब्द लिखिए -

1. बंद - खुला 2. दिन - रात

3. प्यार - नफरत 4. जीवन - मृत्यु

5. धूप - छाया 6. वीरों- कायरों

7. मान - अपमान 8. अश्वस्त - स्वस्थ

9. असभ्य -सभ्य 10. ठंडी - गर्मी

11. ऊपर - नीचे 12 पुरानी - नई

प्रश्न -16 नीचे दिए गए शब्दों को अंकों में लिखिए -

1. तेरह - १३ 2. चौबीस - २४

3. पैतीस - ३५ 4. पैतालीस - ४५

5. उनचास - ४९ 6. छत्तीस - ३६

7. सत्रह - १७ 8. सात - ७

9. तीस - ३० 10. पच्चीस - २५

प्रश्न -17 मिलान कीजिए -

| **अ,** | **ब,** |
|---|---|
| 1. सूर्य | , एक तारा |
| 2. पृथ्वी और सूर्य की दूरी | नौ करोड़ तीस लाख मील |
| 3. तारों से लाभ | आकार में बड़ा ताप में कम |
| 4. ध्रुव | राजा उत्तानपाद का पुत्र |
| 5. लाल रंग का तारा | आकार में बड़ा ताप में कम |

प्रश्न -18 दो वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य लिखो -

1. लाली लोमड़ी ने अपनी बात कही |

सभी ने उसकी बात का समर्थन किया |

*लाली लोमड़ी के , अपने बात कहते ही सभी ने उसकी बात का समर्थन किया |

1. सुंदरलाल ने सोचा |
2. उसे पसीना आ गया |

•सुंदरलाल को सोचकर पसीना आ गया |

1. शेर सिंह ने यह बात सुनी |
2.वह क्रोधित हो उठा |

* शेर सिंह यह बात सुनते ही क्रोधित हो उठा |

1. महामंत्री चीता सिंह ने लाली लोमड़ी की बात सुनी
2. वह बौखला उठा |

•महामंत्री चीता सिंह लाली लोमड़ी की बात सुनते ही बौखला उठा |

प्रश्न -19 अंतर स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाओ -

पड़ा - दूध में कुछ पडा है |

पढ़ा - मैंने कल ही समाचार पत्र में यह खबर पढ़ी थी |

शोक - यहाँ पर शोक मनाने की जरूरत नहीं है |

शौक - आपको क्या - क्या खाने का शौक है |

ओर - चारों ओर अंधेरा छाया हुआ है |

और - गीता और सीता बहनें है |

घुस - घर में चोर घुस आया है |

घूस -घूस लेना कानूनन अपराध है |

प्रश्न - 20 सप्ताह के दिनों के नाम लिखो -

• सोमवार, मगलवार, बुधवार, गुरुवार शुक्रवार, शनिवार ,रविवार |

प्रश्न - 21 पत्तियाँ पूरी करो -

सबका दुख अपना दुख जानो |

**कभी किसी का बुरा ना मानो |**

**सबसे करो हमेशा भाई अच्छा ही व्यवहार बंद करो तकरार |**

प्रश्न -22 नीचे लिखे गद्याशो को सुंदर अक्षरों में लिखिए -

प्राचीन काल से ही मनुष्य और प्रकृति का अटूट संबंध रहा है वह प्रकृति की गोद में ही पला - बढ़ा हैं प्रकृति ही मनुष्य की रक्षक और अन्न दाता है | स्वयं को धूप और वर्षा से बचाने के लिए मनुष्य ने वृक्षों का सहारा लिया |

St. MARY'S CO-ED SCHOOL
LORD ILLUMINE OUR MINDS
HARDA